भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 666
उत्तर देने की तारीख: 08/02/2023

शिक्षा बजट

666 # श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 लागू करते समय शिक्षा बजट को बढ़ाकर आम बजट का 6 प्रतिशत करने का सुझाव प्राप्त हुआ था;
(ख) वर्तमान में शिक्षा पर आम बजट का कितने प्रतिशत खर्च किया जा रहा है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान शिक्षा पर व्यय में की गई बढोत्तरी का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में और अधिक धनराशि खर्च करने की दिशा में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (घ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा में सार्वजनिक निवेश में सकल घरेलू उत्पाद के 6% तक पहुंचने के लिए पर्याप्त वृद्धि का समर्थन और परिकल्पना करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा क्षेत्र में निजी परोपकारी गतिविधि के लिए कायाकल्प, सक्रिय प्रचार और समर्थन भी अपेक्षित है। नीति के संतोषजनक निष्पादन के लिए केंद्रीय और राज्य स्तर पर आवश्यक संसाधनों- मानव, अवसंरचनात्मक और वित्तीय- का समय पर समावेशन महत्वपूर्ण है। मंत्रालय ने एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए कदम उठाने के लिए अपनी सभी कार्यान्वयन एजेंसियों, नियामक निकायों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों, अन्य हितधारक मंत्रालयों/विभागों आदि को लिखा है। शिक्षा मंत्रालय, अन्य संबंधित मंत्रालयों/विभागों, राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों और उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली कार्यान्वयन एजेंसियों ने एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की दिशा में पहल शुरू कर दी है।

शिक्षा मंत्रालय को वर्ष 2022-23 और 2023-24 में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है।

शिक्षा पर बजट व्यय**, 2020-21** के विश्लेषण के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में शिक्षा पर कुल व्यय **4.64%** है और वर्ष **2016-17** से **2020-21** तक शिक्षा पर कुल व्यय (केंद्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र) इस प्रकार है:

(रु. करोड़ में)

वर्ष	2016-17 **(वास्तविक)**	2017-18 **(वास्तविक)**	2018-19 **(वास्तविक)**	2019-20 (संशोधित अनुमान)	2020-21 (बजट अनुमान)
शिक्षा पर कुल व्यय (केंद्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र)	653099.33	662151.45	736581.25	863117.55	919145.19

*****